हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 16 जनवरी 2024

04 बाबा मठारदेव मेले में बम-बम लहरी के गाने पर...



07 मेरा गांव मेरी अयोध्याः अयोध्या की तर्ज पर ...





### जनप्रतिनिधियों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के साथ प्रशासन ने ली बैठक

# मंदिरों में की जाएगी साफ-सफाई साज सज्जा और लाइटिंग व्यवस्था

**भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तारतम्य में जिले में 16 जनवरी से 22 जनवरी तक दीपोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत शासकीय भवनों में लाइटिंग, विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन एवं साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तारतम्य में जिले में 16 जनवरी से 22 जनवरी तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आयोजित गतिविधियों की रूपरेखा तैयार किए जाने के संबंध में सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनप्रतिनिधियों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के साथ जिला प्रशासन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह, विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी, विधायक सिवनीमालवा प्रेमशंकर वर्मा, माधवदास अग्रवाल, पीयूष शर्मा, आचार्य गोपाल प्रसाद खड्डर तथा कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, सहित सभी नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष एवं विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं धार्मिक संगठनों से प्राप्त सुझाव के आधार पर निर्णय लिया गया कि समन्वित प्रयासों से जिले में 16 से 22 जनवरी तक प्रमुख मंदिरों में साफ सफाई, साज सज्जा के साथ भजनसंध्या रामलीला, रामकीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों में एवं नगरीय क्षेत्रों के मुख्य कार्यक्रम एलईडी एवं टीवी के माध्यम अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जाएगी। पटाखा लाइसेंस भी जारी किए जाएंगे। स्कूलों और कॉलेज में निबंध, पेंटिंग, क्विज आदि प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त अनुविभाग स्तर पर भी एसडीएम द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। कलेक्टर ने सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों तथा जिले के नागरिकों से आग्रह किया कि आयोजित गतिविधियों में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं। कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 से 22 जनवरी, 2024 तक प्रत्येक मंदिर में जन सहयोग से राम कीर्तन आदि का आयोजन होगा। जिले के समस्त मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किए जायेंगे। हर घर में दीपोत्सव के लिए आमजन को जागृत कर प्रभात फेरिया एवं कलश यात्राएं निकाली जाएगी। मंदिरों में आयोजनों में आमजनों की सहभागिता के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। विभिन्न धर्मगुरूओं से समन्वय कर प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट/समिति के द्वारा भण्डारों का भी आयोजन किया जाएगा। जिले के प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्वलन भगवान श्रीराम जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन मंदिर के ट्रस्ट, समिति के माध्यम से आमजन के लिए आयोजित किए जाएगा। सभी नगरों,गांवों में नपा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई का अभियान चलाया जाएगा एवं सरकारी इमारतों तथा स्कूलों एवं कालेजों में भी साज-सज्जा की जाएगी। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में इस दौरान विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा एवं समस्त शासकीय कार्यालयों में रोशनी की व्यवस्था की जाएगी।

## सूर्य दर्शन कर नर्मदा में किया स्नान...



**नर्मदापुरम।** सोमवार को मकर संक्रांति पर पुण्यकाल में श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इस बार मकर संक्रांति 9 बजकर 24 मिनट स्नान मुहूर्त आया। कुछ दिन पहले तेज सर्दी रही परंतु आज श्रद्धालुओं को सर्दी से राहत मिली। नर्मदापुरम के सेठानीघाट सहित अन्य सभी तटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और मां नर्मदा में स्नान किया। तिल और गुड़ का भोल लगाया एवं खिचड़ी, गुड़, कपड़े अन्य वस्तुओं का दान का पुण्य प्राप्त किया।

### श्रीरामचरित लीला समारोह 19 से 21 तक

**नर्मदापुरम।** 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा पूर्व श्रीरामकथा के विशिष्ट चरित्रों पर आधारित श्रीरामचरित लीला समारोह का आयोजन जिले के सेठानी घाट पर 19 से 21 जनवरी तक सायं 6 बजे से किया जाएगा। यह कार्यक्रम संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित होगा। कलेक्टर सोनिया मीना ने जिला पंचायत और नपा को कार्यक्रम की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### कविता पाठ में मानस को प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सोसायटी फॉर कल्चर एन्ड एनवायरनमेंट की ओर से हाल जिनमें भारत भवन भोपाल में 6वे भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल-2024 (बीएलएफ) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत काव्यरंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रदेश भर के स्कूल एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की लगभग 500 प्रविष्टियां प्राप्त हुई। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय श्रेणी में पिता विषय पर आयोजित कविता पाठ में नर्मदापुरम पं मानस दुबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ज्ञात रहे कि मानस समेरिटंस स्कूल के छात्र रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर डायरेक्टर डॉ आशुतोष दुबे, परिवार एवं मित्र जनों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी।

## नुक्कड़ नाटक और रैली के माध्यम से दिए यातायात नियम के संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




सोमवार को कलेक्टर सोनिया मीना के दिशा निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आरटीओ अधिकारी निशा चौहान, यातायात पुलिस एवं नेहरू युवा केंद्र द्वारा नर्मदापुरम जिले में संचालित वाहन स्वामियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी तथा उक्त नियमों को नही मानने पर होने वाले परिणाम को बताया गया।

### नुक्कड़ नाटक में 'यमराज' ने दी चेतावनी

नुक्कड़ नाटक में यमराज भी शामिल हुए, जिन्होंने मार्ग पर जाते हुए वाहनों को रोककर चेतावनी देते हुए बताया की वाहन चालक अपनी चालाकी से मार्ग पर आरटीओ, यातायात कार्रवाई से तो बच सकता है, पर यमराज से नही बच सकता, यमराज से बचने का सिर्फ एक ही उपाएं है और वह उपाएं यातायात नियमों को अपनाते हुए हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग हमेशा करे। वरना वाहन चालक किसी भी परिस्थिति में आरटीओ कार्रवाई से बच जाएगा परन्तु यमराज से नही बच पाएगा।

### रैली के माध्यम से किया गया जागरूक

नुक्कड़ नाटक से पहले जन जागरूकता के लिए आरटीओ विभाग, यातायात पुलिस एवं नेहरू युवा केंद्र द्वारा नर्मदा महाविद्यालय से सतरस्ता तक पैदल रैली निकाल गई तथा नारे लगाते हुए लोगो से यातायात नियमों को अपनाने की अपील की गई। इस पैदल रैली में आरटीओ अधिकारी निशा चौहान, यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा, टीआई उषा मरावी के साथ बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राए शामिल हुए। 11 से 17 जनवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आरटीओ तथा यातायात विभाग के द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है तथा उन्हें अपनाने की हिदायत दी।

## खाटू श्याम की भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदापुर द्वारा एक शाम श्याम के नाम भजन संध्या का आयोजन नैचर्स कैफे एण्ड रेस्टोरेंट पहाडियां के पास किया गया। कार्यक्रम कन्या पूजन,गौ पूजन से प्रारंभ हुआ। गोपाल मंगल,राजीव सोनी एंव खाटू श्याम भक्त मंडल खातेगांव ने बाबा का तिरुपति भगवान के स्वरूप मे अलोकिक दरबार सजाया गया। दरबार मे श्याम प्रेमियों को अपने लाडले बाबा श्याम के साक्षात दर्शन की अनुभूति हो रही थी। गोरखपुर से आई देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका पिंकी मिश्रा ने देर रात तक बाबा श्याम के शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर श्याम प्रेमियों को रसपान कराया।इसमें श्याम भक्तों ने भक्ति के रस मे डूबकर भजन संध्या का आनंद लिया। इंदौर के भजन गायक सौरभ शर्मा की भजनो पर श्रृंखलाओं ने खूब नृत्य किया। गुलाब वारसे एंव अन्य भक्तों ने भी शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर खाटू श्याम को 56 भोग भी लगाया भजन संध्या के दौरान पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा होती रही। तथा श्याम बाबा के जयकारों से प्रागंण गुजांयमान हुआ। नर्मदा आव्हान सेवा समिति अध्यक्ष निर्मला राय,वरिष्ठ उपाध्यक्ष हंस राय,सचिव केप्टिन करैया ने भजन गायकों एंव उनकी टीम का फूलमालाओं से स्वागत कर स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

## भाजपा ने दीवार लेखन अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के आव्हान पर 15 जनवरी से एक बार फिर मोदी सरकार के संकल्प के साथ देश भर में कार्यक्रम शुरू हुआ। जिला मीडिया प्रभारी अमित माहाला ने बताया कि अभियान के अंतर्गत नर्मदापुरम नगर मंडल के वार्ड क्रं.7 के बूथ क्रं.62 पर जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल ने दीवार लेखन कर पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल बनाया एवं नर्मदापुरम जिले में दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष अग्रवान ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक बूथ पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण दीवार लेखन अभियान में सहभागी होकर आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'एक बार फिर से मोदी सरकार' के संकल्प के साथ इस अभियान के सहभागी होंगे। इस दौरान पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, जिला महामंत्री प्रसन्ना हर्णे, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, कल्पेश अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष लोकेश तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्चना पुरोहित, सोशल मीडिया संयोजक गजेन्द्र चौहान, सहंसयोजक राहुल ठाकुर, मंडल अध्यक्ष रोहित गौर, रमेश पटेल, धमेन्द्र पटेल युवा मोर्चा महामंत्री दुर्गेश मिश्रा, गंगा राजपूत राजेश रैकवार चमनपुरी गोस्वामी, विष्णु लौवंशी, सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

### ग्राम पंचायतों को स्वच्छ रखने के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत द्वारा 15 जनवरी को जनपद पंचायत सोहागपुर में ग्रामीण विकास अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की ग्राम पंचायतवार समीक्षा की गई। सीईओ जिला पंचायत द्वारा मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्राम पंचायत द्वारा अधिरोपित किए जाने वाले विभिन्न करों की वसूली के संबंध में समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत को निर्देश दिए गए की यदि ग्राम पंचायत में गंदगी दिखती है तो यह पंचायत की विफलता मानी जाएगी। उन्होंने ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद का उदाहरण देते हुए यह भी समझाया कि जिस प्रकार सेमरी हरचंद के सचिव रोजगार सहायक द्वारा प्रयास कर सेमरी हरचंद को स्वच्छ रखा जाता है। इस तरह अन्य ग्राम पंचायतें भी स्वप्रेरणा से साफ सफाई की व्यवस्था करें योजनाओं की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास के तहत पूर्व वर्षों के स्वीकृत अपूर्ण आवास को आगामी सप्ताह में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए।

### संयुक्त संचालक ने किया निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** परियोजना नर्मदापुरम ग्रामीण अंतर्गत 10 से 15 जनवरी 2024 तक प्रदेश में महिला सशक्तिकरण सप्ताह अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण सप्ताह के समापन के अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्र मिसरोद क्रमांक 2 पर संयुक्त संचालक एचके शर्मा, पर्यवेक्षक सरोज कमलपुरिया, स्व. सहायता समूह के सदस्य, मातृ सहयोगिनी समिति के सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, महिलाएं, बच्चे, अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर संयुक्त संचालक एचके शर्मा द्वारा समूह चर्चा की गई व उपस्थित लोगों को पोषण संबंधी सलाह दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगोली प्रतियोगिता, पोषण आहार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपस्थित महिलाओं को मकर संक्रांति के अवसर पर गुड़, तिल, सुहाग सामाग्री भी भेंट की गई। मंगल दिवस का आयोजन कर 6 माह पूर्ण होने पर अन्नप्राशन करने व पौष्टिक संतुलित आहार आरम्भ करने के विषय मे भी संयुक्त संचालक एचके शर्मा द्वारा उपस्थित हितग्राहियों को जानकारी दी गई।



### पर्यटन स्थलों पर महिलाओं को प्रशिक्षण देकर किया जा रहा आत्मनिर्भर

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के द्वारा संचालित महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत जिला प्रशासन के सहयोग से इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के द्वारा पिपरिया में सेल्स एसोसिएट प्रशिक्षण 20 महिलाओं को निशुल्क दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के शुभारंभ में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के परियोजना प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर उपस्थित रहकर प्रशिक्षुओं का उत्साह वर्धन किया गया साथ ही सभी प्रशिक्षुओं से चर्चा भी की । इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के अर्चना दास के द्वारा बताया गया कि इस परियोजना नवंबर 2021 से पचमढ़ी संकुल में चलाई जा रही है जिसमें पर्यटन स्थल पचमढ़ी, मढई एवं तवा में महिलाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। महिलाएं प्रशिक्षण लेकर मड़ई में जिप्सी चलाने के साथ ही तवा में गाइड एवं पचमढ़ी में विभिन्न होटल में हाउसकीपिंग रिसेप्शनिस्ट वेटर का काम भी कर रही हैं।

### मां नर्मदा जयंती महोत्सव और रामजी बाबा मेला की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

# 15 व 16 फरवरी को मनाया जाएगा नर्मदा जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले में 15 एवं 16 फरवरी को मां नर्मदा जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम 16 फरवरी की सायं सेठानी घाट पर आयोजित होगा। सुप्रसिद्ध रामजी बाबा मेला 22 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित होगा। नर्मदा जयंती महोत्सव एवं रामजी बाबा मेला की तैयारी के संबंध में सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, उपाध्यक्ष अभय वर्मा, पीयूष शर्मा, महेंद्र यादव, आचार्य गोपाल प्रसाद खड्डर तथा कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी नर्मदापुरम नवनीत पांडे ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मुख्य कार्यक्रम में जल मंच का निर्माण किया जाएगा। बैठक में जल मंच के निर्माण, विस्तार एवं उसकी सुरक्षा के संबंध में विस्तार चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि जलमंच की सुरक्षा के दृष्टिगत जे टी खरीदीने के लिए नगरपालिका नर्मदापुरम द्वारा निविदा आमंत्रित की जाएगी। बैठक में एमपीईबी को निर्देशित किया गया है कि कार्यक्रम स्थल पर विद्युत व्यवस्था निर्बाध रूप से संचालित की जाए। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जेनरेटर भी रहें। एमपीईबी द्वारा सेठानी घाट पर कंट्रोल रूम का भी संचालन किया जाए। निर्णय लिया गया कि आतिशबाजी इस बार केवल जोशीपुरा घाट से की जाएगी। नर्मदा जयंती पर यातायात व्यवस्था के लिए व्यवस्थित ट्रैफिक प्लान भी तैयार किया जाएगा। परंपरा अनुसार मुख्य समारोह के लिए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जाएगा।

रामजी बाबा मेला की तैयारीयों के संबंध में कलेक्टर ने सीएमओ नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि पारदर्शी प्रक्रिया से दुकानों का आवंटन समय पर किया जाए। 22 फरवरी से पूर्व दुकानों का आवंटन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए की मां नर्मदा जयंती महोत्सव एवं रामजी बाबा मेला के लिए सभी अधिकारी सौपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन करें। उन्होंने नर्मदा जयंती महोत्सव एवं रामदेव बाबा मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए स्थानीय कलाकारों के साथ संस्कृति विभाग के साथ समन्वय करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ श्री पांडे द्वारा जलमंच के निर्माण, बैठक व्यवस्था, घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, मुख्य अतिथि के सर्किट हाउस से लेकर कार्यक्रम स्थल पर आने इत्यादि बिंदुओं पर जानकारी दी गई।

## जिले भर में निकाली जा रही प्रभात फेरी व कलश यात्राएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। इसी तारतम्य में मेरा गांव मेरी अयोध्या अभियान अंतर्गत समस्त जिले में प्रभात फेरियों का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रभात फेरियों के माध्यम से 22 तारीख को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जन अभियान परिषद के द्वारा सामाजिक संगठन, धार्मिक संगठनों, मंदिर समिति, नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति, सीएमसीएलडीपी छात्रों के माध्यम से इस अभियान का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है। परिषद के द्वारा 200 स्थानों पर आयोजन का लक्ष्य रखा गया है। सोमवार को बज्जरवाड़ा, गुजरवाड़ा, पिपरिया नगर, गाजनपुर, घुआबाडी, टाटरा, उनदरा खेडी, पवारखेडा. खुर्द, शिवपुर, सहित 34 स्थानों पर यात्रा का आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क नेत्र शिविर आज से

**बैतूल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के तत्वावधान में आज मंगलवार सुबह 11 बजे से 1 बजे तक ग्राम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरापाटला और कल बुधवार सुबह 9 बजे से सेवा सदन आंख जांच केन्द्र डॉ.मुले अस्पताल के पास गंज में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजना किया गया है। मरीजों की जांच उपरांत आवश्यकता पडऩे पर निःशुल्क आपरेशन भी कराया जाएगा। जांच के लिए जांच केन्द्र पर आधार कार्ड व मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति लाना होगा। ग्रामीण गरीब नेत्र रोगियों को चिन्हित किए जाने पर उनको 17 जनवरी को एंबुलेंस से भोपाल दोपहर १२ बजे भेजा जाएगा। समिति ने सभी से इस शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### एसआईएफ बैतूल के कैलेंडर का हुआ विमोचन

**बैतूल।** पुरुषों के लिए काम कर रही सामाजिक संस्था सेव इंडियन फैमिली एसआईएफ ने अपने वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। उल्लेखनीय है कि एसआईएफ बैतूल पुरुषों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाला प्रदेश का पहला संगठन है, जो वर्ष 2013 से भोपाल में और 4 सालों से बैतूल ज़िले में पीड़ति पुरुषों को संरक्षण एवं निशुल्क परामर्श एवं कानूनी सहायता हेल्पलाइन नंबर 8882498498 पर उपलब्ध करा रहा है। 14 जनवरी को वार्षिक कैलेंडर का विमोचन एवं वितरण सदस्यों की उपस्थिति में चिनार पार्क भोपाल एव्म बैतूल में किया गया। इस अवसर पर संगठन के संदीप गोहे और संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### मठारदेव बाबा के मेले में नगर पालिका ने आयोजित किया आनंद उत्सव

# बाबा मठारदेव मेले में बम-बम लहरी के गाने पर जमकर थिरके श्रद्धालु





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी**

श्री मठारदेव बाबा मेले में नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आनंद उत्सव का आयोजन किया गया।15 से 22 जनवरी तक मेला प्रांगण में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।आनंद उत्सव के तहत सोमवार 15 जनवरी को दोपहर 1 बजे से विजायासन देवी जागरण ग्रुप सारनी की प्रस्तुति हुई।

आनंद उत्सव के तहत देवी जागरण का विधिवत शुभारंभ नगर पालिका के अध्यक्ष किशोर बरदे, विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह,पार्षद भीम बहादुर थापा,प्रवीण सोनी,नेता प्रतिपक्ष पिटिंश नागले,मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम,भाजपा नेता कमलेश सिंह,सुधा चंद्रा, राहुल कापसे,बाबू सिंह,मुलेश रणित सहित अन्य लोगों ने आखंड ज्योत प्रज्वलित कर एवं माता का पूजन कर किया।देवी जागरण में संस्कारधानी जबलपुर से आई भजन गायिका सविता मिश्रा ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं।बम-बम लहरी... भजन पर पूरा पंडाल झूमने को मजबूर हो गया। इसके अलावा उन्होंने राम आएंगे....की भी शानदार प्रस्तुति दी। भजन गायक सुनील सत्यार्थी द्वारा झांकी के साथ प्रस्तुत भजन श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में... सुनाकर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। ग्रुप संचालक भूपेंद्र बड़ोनिया ने बताया कि भजन गायिका अनुराधा डेहरिया,भूमि सोनी ने भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। देवी जागरण में कलाकार शैलेंद्र डोंगरे,अंकित सरनेकर,गौतम गुलबासे, तरूण नायक,यूसूफ खान,अजय बान,पारस टोरिया ने सहयोग किया। महाकाल झांकी ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक झांकियां प्रस्तुत की। आनंद उत्सव में मंगलवार दोपहर 1 बजे से आर्केस्ट्रा का आयोजन किया जाएगा।



### आनंद उत्सव में कवि सम्मेलन म्यूजिकल नाईट व देवी जागरण का आयोजन होगा

श्री मठारदेव बाबा मेले में आनंद उत्सव 2024 के तहत अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन 19 जनवरी को शाम 6 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसमें ओमप्रकाश निडर, दीपक दनादन,धर्मेंद्र सोलंकी,माधुरी किरण, मुकेश शांडिल्य सहित अन्य कवि मौजूद रहेंगे।इसी तरह 20 जनवरी को फिल्मी गीतों का गायन होगा। इसमें मुंबई की पार्श्व गायिका रागिनी कावठकर प्रस्तुति देंगी।वहीं 21 जनवरी को गजेंद्र प्रताप सिंह की भजन संध्या का कार्यक्रम होगा।15 से 22 जनवरी तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर एक बजे से होंगे। इसमें 16 को मदन चौधरी ग्रुप की आर्केस्ट्रा,17 को प्रकाश कसरादे ग्रुप का देवी जागरण, 18 को महिला भजन, 18 को ही शाम 6 बजे से आसित विश्वास आर्केस्ट्रा, 20 को ममता उइके ग्रुप का आदिवासी ग्रुप डांस,21 को श्यामू परते ग्रुप का आदिवासी डांस एवं 22 जनवरी को श्रीराम भजन का कार्यक्रम होगा। नगर पालिका परिषद सारनी के मुख्य अधिकारी सी के मेश्राम नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने संपूर्ण क्षेत्रवासियों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।

### 46 वर्षों से तलहटी मंदिर पर हो रहा है भंडारा

*सारनी। 14 जनवरी सन 1978 को 5 किलो चना लेकर स्व.हरिश्चंद्र आहूजा के माध्यम से श्री श्री 1008 बाबा मठारदेव तलहटी मंदिर पर भंडारा शुरू किया गया था। 46 वर्ष के बाद मठारदेव भंडारा समिति ने विकराल रूप ले लिया है।अब स्थिति यह निर्मित हो गई है कि 14 जनवरी को 60 से 80 हजार लोग यहां पर मठारदेव भंडारा समिति से प्रसाद ग्रहण करके जाते हैं। आयोजित समिति के ज्ञानेश्वर पाटिल,डीएम दुबे,श्याम मदन ने बताया कि इस वर्ष भी तलहटी मंदिर पर 14 जनवरी को 20 क्विंटल आटे की पूरी, 5 क्विंटल रवे का हलवा, 20 तीना देसी घी, 20 क्विंटल सब्जी मिलकर हलवा पूरी और सब्जी का भंडारा वितरण करने का कार्य किया गया। समिति के पदाधिकारी ने बताया कि मठारदेव भंडारा समिति के माध्यम से 14 जनवरी को निशुल्क भंडारे का आयोजन किया जाता है और यह भंडारा संपूर्ण क्षेत्र के लोगों के आपसी सामंजस एवं सहयोग से ही पूरा हो पता है। मठारदेव भंडारा समिति के बी ठाकरे,रूपेंद्र चौहान,राम मदन,श्याम सुंदर ओझा,जितेंद्र तोमर, अनिल,तरुण पाल,राजा राठौड़ का इस भंडारे में विशेष योगदान रहता है।*

### श्री राम कथा महोत्सव का होगा आयोजन

# दीपावली की तरह मनाया जाएगा राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह



**मुलताई।** मुलताई क्षेत्र एवं दुनावा से लगे ग्रामों में अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दीपावली पर्व के रूप में मनाया जाएगा इसके साथ ही झील चौक दुनावा में दीदी दिव्यांशी (श्रीधाम) वृंदावन के मुखारविंद से सात दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर राम भक्त टोली द्वारा प्रतिदिन दुनावा के आजू-बाजू के गांव दुनाई, मायावाड़ी,सोनेगांव ,सिपावा ,खल्ला,मूसाखापा, सर्रई में पूजित अक्षत वितरण करते हुए आमंत्रण दिया जा रहा है साथ ही ग्राम वासियों से 22 जनवरी को दीपावली पर्व के रूप में मनाने दुकानों प्रतिष्ठानों और घरों में भगवा ध्वज लगाने घरों और दुकान के सामने रंगोली बनाकर तोरण और पताका लगाने का आह्वान किया जा रहा है। इस अक्षत वितरण कार्यक्रम में पंकेश साहू ,अरुण शिवहरे ,अमित पवार ,नरेश फरकाड़े,लोकेश सरोदे,रजत साहू आशीष मालवीय, शुभम मालवीय, मंगलेश कड़वे, अमित ब्वाड़े आदि सहयोग कर रहे हैं। इसी शुभ अवसर को देखते हुए समस्त राम भक्त एवं ग्राम वासियों के सहयोग से दुर्गा माता मंदिर झील चौक दुनावा में दीदी दिव्यांशी जी (श्रीधाम) वृंदावन के मुखारविंद से सात दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राम कथा का वाचन दिनांक 22 जनवरी सोमवार से प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक किया जाएगा, हवन पूजन एवं भंडारा प्रसादी वितरण कार्यक्रम दिनांक 29 जनवरी दिन सोमवार को किया जाएगा। सभी दुनावा के राम भक्त टोली द्वारा अक्षत वितरण कार्यक्रम के साथी दुनावा में होने वाली सात दिवसीय राम कथा को सुनने के लिए भी आमंत्रित किया जा रहा है।

### आर्यावर्त इलेवन पाथाखेड़ा किंग शूटर पाथाखेड़ा रेड रोज शोभापुर पहुंची सुपर 8 में



**सारनी।** स्व.विजय कुमार खंडेलवाल में स्मृति राज्य स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के आठवें दिन 2 मैच खेले गए।पहला मैच थलाइवा इलेवन चोपना एवं आर्यावर्त इलेवन पाथाखेड़ा के बीच खेला गया आर्यावर्त इलेवन पाथाखेड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाथाखेड़ा ने निर्धारित 12 ओवर में 138 रन बनाए।139 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थलाइवा इलेवन चोपना ने 11 वें ओवर मे 95 रन पर ऑल आउट होकर यह मैच 44 रनों से हार गई इस मैच के मैन ऑफ द मैच आकाश जोशी जिन्होंने 4 विकेट एवं बल्लेबाजी 55 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच बने क दूसरा मैच आर टी एच मिनी पाथाखेड़ा एवं किंग शूटर शोभापुर के बीच खेला गया किंग शूटर शोभापुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करने उतरी किंग शूटर ने निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेट खोकर 107 रन बनाएं 108 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी आर टी एच मिनी पाथाखेड़ा ने आठ ओवर में 37 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और यह मैच किंग शूटर 71 रनों से जीत गई।

### 2 वर्ष में सेग्रीगेसन शेड निर्माण को पूर्ण होने की प्रतीक्षा

# ग्राम पंचायत देवगांव में राशि निकालने के बाद भी कार्य अधूरा





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला**

ग्राम पंचायत में बनाए गए सेग्रीगेसन शेड जिसका उपयोग गांव के घरों से निकलने वाला गिला कचरा ओर सूखा कचरा को अलग-अलग एकत्र किया जा सके। इस कचरे से खाद बनाकर किसान के खेतो में उपयोग किया जा सकता था, लेकिन जनपद पंचायत आमला कि ग्राम पंचायत में जिस कार्यप्रणाली से कार्य किया जाता हैं वो सबको हैरत करने वाली होती हैं,क्योंकि यह निर्माण में धांधली करना कोई आम बात नही अब इसका चलन बन चुका हैं।ग्राम पंचायत देवगांव के गांव काजली में सेग्रीगेसन शेड का निर्माण किया गया हैं। यह कार्य 15 वा वित्त आयोग व मनरेगा अभिसरण से किया गया हैं जिसमे 15 वा वित्त से मटेरियल कि 3 लाख से अधिक राशि व मनरेगा से मजदूरी का 30 हजार रूपए भुगतान किया जाना है और ग्राम पंचायत के द्वारा भुगतान कर भी दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत के द्वारा वर्ष 2022 में सेग्रीगेसन शेड स्वीकृत हुआ था। लेकिन आज तक जो एस्टीमेट के अनुसार कार्य किया जाना चाहिए था वह नही किया गया हैं।जबकि मटेरियल व मजदूरी का भुगतान ग्राम पंचायत के द्वारा कर दिया गया हैं।लेकिन धरातल पर कार्य अधूरा दिखाई पड़ता हैं। अब बात यह है कि जब भुगतान पूर्ण हों गया तो स्थल पर भी कार्य को पूरा किया जाना था। लेकिन जिम्मेदार कि मंशा राशि हड़प करने कि है जिसके चलते वे कार्य को पूर्ण नही कर रहे है। ग्रामीणों ने भी इस तरह के रवैये से अपनी नाराजगी व्यक्त कि हैं।

#### ये कार्य हैं अधूरे

निर्माण सेग्रीगेसन शेड में गिला कचरा व सूखा कचरा के लिए अलग-अलग खण्ड बनाये जाने हैं। दीवार पर स्वच्छ भारत के लोबो के साथ सन्देश के चित्र भी बनाये जाने हैं। शेड के गेट भी नही लगाए गए हैं।अगर सही तरीके से जांच हो तो और भी खामियां शेड निर्माण में निकलने की संभावना है। निर्माणधिन शेड की दीवारों के प्लास्टर भी झड़ने लगे हैं जिससे अन्दाज लगाया जा सकता हैं कि किस तरह से निर्माण में धांधली बरती है।

#### जनपद सीईओ को करना चाहिए मॉनिटरिंग

जनपद सीईओ संजीत श्रीवास्तव ने जनपद आमला कि ग्राम पंचायत में चल रहे कार्य या पूर्ण हो चुके कार्य,अपूर्ण कार्य कि स्वयं कार्य स्थल पर जाकर देखना चाहिए कि ग्राम पंचायत में क्या चल रहा हैं। श्री श्रीवास्तव अगर निरीक्षण करते है तो उन्हें आमला कि ग्राम पंचायत की नब्ज भी पकड़ में आ जायेगी।

#### पूर्ण कर दिया जाएगा

8 से 10 दिनों में कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा।

**नत्थू वागदे,** सचिव ग्राम पंचायत देवगांव।

### गणेश वार्ड में घर-घर किया जा रहा अक्षत वितरण

**बैतूल।** जैसे-जैसे अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तारीख करीब आ रही है वैसे-वैसे राम भक्तों में उत्साह बढ़ते देखा जा रहा है। गणेश वार्ड सिविल लाईन्स रेणुका माता मंदिर में अयोध्या से आए पूजित अक्षत को गणेश वार्ड वासियों द्वारा घर-घर जाकर महिला और बच्चों द्वारा वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम का प्रारंभ पूजित अक्षत को मंदिर में रखकर आरती व पूजन के साथ किया गया। सभी ने ढोल बाजे के साथ पूजित अक्षत को घर-घर में वितरण किया। इस अवसर पर बजरंग दल के पूर्व संयोजक व पूर्व एल्डरमैन श्याम टेकपुरे ने बताया कि अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और राम मंदिर उद्घाटन का निमंत्रण पूजित अक्षत देकर किया जा रहा है। नागरिक बैंक के अध्यक्ष अतीत पंवार ने बताया कि भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा पर हर घर दिवाली मनाते हुए प्रत्येक घर के सामने दीप प्रज्वलित व आतिशबाजी करें।। गणेश वार्ड के पूर्व पार्षद प्रशांत मांडवीकर ने कहा कि वार्ड में सभी मंदिर की साफ-सफाई एवं दीपक जलाकर मंदिर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# रतेड़ा से लादी मार्ग पर लोगों के घरों का पानी आ रहा रोड पर, हो रही दुर्घटना

### पंचायत को उठाना चाहिए ठोस कदम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला**



जनपद पंचायत आमला कि ग्राम पंचायत रतेड़ा के फारेस्ट नाका के पास से मेन रोड बोरदेही मार्ग की सड़क पर लोगो के घरों का पानी रोड पर आने से आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। घरों के निकलने वाला पानी सीधे रोड पर बहता रहता हैं जिससे यह आम लोगो का सिर दर्द बन चुका हैं। पानी लगातार बहने से रोड पर काई के साथ कीचड़ जम जाता हैं। बीते दिनों इस मार्ग पर चौपहिया वाहन फस गया था। जिसे पूर्व जनपद सदस्य उमराव अहाँके के द्वारा निकाला गया यह पहला मामला नही अक्सर यह पर वाहन फसते रहते हैं। इस रास्ते से दर्जनों गांव के लोग व अध्ययन करने वाले छात्र- छात्राओं का आना -जाना होता हैं। राहगीर ग्रामीण मुन्नालाल उइके ने बताया कि रोड पर पानी होने से कई बार दुर्घटना घट चुकी हैं। उन्होंने बताया कि यह पर वाहन का चक्का स्लिप होता हैं जिसके कारण कई बार तो हम गिर चुके हैं। पिल्लू सरियाम ने कहा कि इस समस्या से वे काफी परेशान हैं। पानी से कपड़े भी गंधे हो रहे हैं। क्योंकि यह पर काफी कीचड़ रोड पर रहता हैं। ऐसे में वाहन से गुजरो तो पूरी ड्रेस खराब कर देता हैं।

#### होना चाहिए कार्रवाई

ग्रामीण सुरजन सिल्लू ने बताया कि लोग अपने घरों का पानी रोड पर ला रहे हैं। ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अधिकरी के द्वारा कोई ठोस कार्यवाई नही कि जा रही हैं। जबकि घरों से निकलने वाला पानी कि व्यवस्था या तो व्यक्ति खुद करे या फिर पंचायत ने व्यवस्था बनानी चाहिए। जबकि निजी मकान में नाली निर्माण की जिम्मेदारी भी मकान मालिक कि होती हैं।ग्रामीण मनीराम तांडील कहते हैं कि अगर कल को कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो इसकी जिम्मेदारी भी उन व्यक्ति जिनके घर का पानी रोड पर आ रहा और ग्राम पंचायत के जिम्मेदार लोग होंगे। ऐसी लापरवाही में हम इनके खिलाफ एफआईआर भी थाने में दर्ज करवाएंगे।

#### दर्जनों गांव के लोग करते हैं आवाजाही

ग्राम रतेड़ा के इस मार्ग से 1 दर्जन से अधिक लोग का रोजाना आवागमन रहता हैं। इस रोड से लादी ,डोमनाहेटी, बिछुखान, सुरनादेही सहित अन्य गाँव के लोग इस मार्ग पर आवागमन होता हैं।वही ग्राम रतेड़ा के निवासी भी इस मार्ग से आना जाना करते हैं। रोड पर पानी कि समस्या का निराकरण जल्द से जल्द करने कि मांग कि हैं।

#### नाली का निर्माण कराएंगे

लीच पिट बनी है फिर भी लोग नल जल व अपने निजी उपयोग का पानी रोड पर आता हैं। भविष्य में पंचायत द्वारा नाली निर्माण किया जाएगा।

**शरद बेडरे,** सचिव ग्राम पंचायत रतेड़ा।

# नगर पालिका पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, समस्या का हुआ समाधान

### 85 नए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत, 36 आवासीय पट्टों का वितरण



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई**

विकसित भारत संकल्प यात्रा नगर भ्रमण के उपरांत नगर पालिका परिसर पहुंची जहां समस्या की समाधान के लिए प्रत्येक विभाग की स्टाल लगाए गए थे ' जिस की जनता की विभिन्न समस्याओं शीघ्र निदान किया जा सके ' जिसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 85 नए आवास स्वीकृत किए गए एवं एक प्रधानमंत्री आवास की अंतिम किस्त प्रदान की गई। संकल्प यात्रा के तहत राजस्व विभाग द्वारा नजूल के 36 पट्टे वितरण किए गए। और इसी के अंतर्गत नामांतरण के 5 प्रकरणो का निराकरण किया गया। उज्वला योजना के तहत दो हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया है। इस कार्यक्रम में सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित न होने पर नपा अध्यक्ष वर्षा गडेकर करने नाराजगी जताई, उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए कि तुरंत कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारियों को बुलाया जाए, ताकि जनता की समस्याओं का निराकरण जल्दी से जल्दी किया जा सके ' नगर पालिका में आम जनता को छोटी से छोटी समस्या के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े इसके लिए पूछताछ केंद्र बनाने के निर्देश कर्मचारियों को दिए गए ' विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष वर्षा गडेकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष माथनकर, पार्षद अजय यादव, शिल्पा शर्मा, महेंद्र जैन, कुसुम पवार, पंजाब राव चिकाने, हनी सरदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के इवनाती जीआर देशमुख, सहित सैकड़ो की संख्या में पात्र हितग्राही, नागरिक उपस्थित थे।

### सुबह 7 बजे निकली रैली का दोपहर 12 बजे भवानी लान में हुआ समापन

# श्रीराम धुन प्रभात फेरी में उमड़ा राम भक्तों का जनसैलाब



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला**



**प्रभात फेरी के स्वागत में लोगों ने घरों के सामने उकेरी रंगोली**


श्री राम जन्मोत्सव समिति आमला के द्वारा नगर में महाप्रभात फेरी का आयोजन किया जिसमें लगभग 40 ग्रामों की प्रभात फेरी मंडलियां सम्मिलित हुई। नगर के इतवारी चौक श्री कृष्ण मंदिर आमला से श्री राम महाप्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात पुराना पुलिस थाना में मार्केट श्री राम मंदिर ,कुनबी मोहल्ला ,माता मंदिर, गोविंद कॉलोनी ,हनुमान मंदिर से होते हुए सोमवारी चौक आमला से नाई मोहल्ला होकर रतेड़ा रोड से संतोषी माता मंदिर,दादा दरबार, कसारी मोहल्ला ,श्री राम मंदिर राठौर मोहल्ला से होते हुए तहसील कार्यालय के सामने से होते हुए गणेश कॉलोनी से निकलकर श्री राम प्रभात फेरी भवानी लान आमला समाप्त हुई। प्रभात फेरी में लगभग 2000 लोग सम्मिलित हुए जिसमें महिला पुरुष दोनों ही शामिल थे सभी प्रभात फेरी के मंडल प्रभु श्री राम का गुणगान करते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया प्रभात फेरी का नगर के लोगों ने अपने घरों के सामने रंगोली डालकर ध्वज पूजन कर तथा पुष्प वर्षा कर साथ हि आतिशबाजी के द्वारा भी प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया। समापन के पश्चात सभी ध्वजवाहकों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।इस मौके पर आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ,नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे ,नगर पालिका उपाध्यक्ष किशोर माथनकर सहित पार्षद गण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। श्री राम जन्मोत्सव समिति आमला के द्वारा अयोध्या में भगवान श्री राम की 22 जनवरी को होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को भी श्री राम प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है। जिसमें नगर के सभी धर्म प्रेमियों को सुबह 6:00 बजे श्रीकृष्ण मंदिर इतवारी चौक आमला में पहुंचने का आग्रह किया है। साथ ही नगर के धर्म प्रेमियों से आह्वान किया है की 22 जनवरी को सभी अपने घरों के सामने रंगोली सजाकर दीप प्रज्वलित कर तथा प्रभात फेरी पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत करें।

### 22 जनवरी को भव्य प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की आज से होगी शुरुआत

# मेरा गांव मेरी अयोध्याः अयोध्या की तर्ज पर गुनौरा में विराजेंगे रामलला

**अयोध्या में भगवान श्री रामलला 22 जनवरी को विराजित होंगे। इसी तारतम्य में इटारसी के समीपस्थ ग्राम गुनौरा में भी अयोध्या की तर्ज पर भगवान श्रीराम 22 जनवरी को विराजमान करेंगे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्री रामलला के अयोध्या में विराजित होने की धूम और आस्था से पूरा विश्व सराबोर है। देश के हर गांव हर शहर में रामलला के आगमन पर विशेष पूजन, अनुष्ठान एवं त्योहार मनाने की तैयारियां जोरो पर है। इटारसी के समीपस्थ ग्राम गुनौरा में भी अयोध्या की तर्ज पर 22 जनवरी को रामलला विराजित होंगे। आज से भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत होने जा रही है। इस अवसर पर श्रीधाम वृन्दावन से पधार रही संत रामाकिशोरी जी के मुखारबिंद से श्रीमदभागवत कथा का रसपान कराया जायेगा साथ ही श्रीराम यज्ञ भी किया जाएगा। यज्ञाचार्य पं अजय दुबे के द्वारा यज्ञ संपन्न होगा। भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा निकाली जाएगी। 22 जनवरी को जब अयोध्या जी में रामलला विराजेंगे उसी समय गुनौरा में भी नवनिर्मित मंदिर में प्रभु श्रीरामचंद्र जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। साथ ही खेड़ापति माता एवं अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा भी मंदिर में विराजेंगी। आयोजन के लिए संपूर्ण मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत साज सज्जा, फूलों की सजावट एवं अन्य तैयारियां की गई है। मंदिर समिति ट्रस्ट के दुष्यंत गौर ने सभी धार्मिक जन मानस से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए आग्रह किया है। मंदिर समिति से जुड़े यशवंत गौर एवं यज्ञदत्त गौर ने बताया कि यहां विराजित होने वाली रामलला की प्रतिमा अयोध्या में विराजित होने वाली प्रतिमा के समान है। प्रतिमा 22 जनवरी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के साथ ही यज्ञ की पूर्णाहुति एवं भंडारा भी आयोजित है।

# 22 जनवरी को सरकारी भवन होंगे विशेष साज-सज्जा से रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मप्र सरकार ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में भगवान श्री राम के स्वरूप के प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को मददेनजर रखते हुए प्रदेश में भी उत्सव मनाना तय किया है। इसी संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग ने समस्त नगरपालिकाओं को निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के पालन के लिए नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बैठक का आयोजन किया। पहली बैठक शहर में मंदिरों में पूजन करने वाले पुजारियों के साथ वार्ता की। उनसे पूछा कि मंदिर में किस किस तरह के इंतजाम प्रशासन कर सकता है और मंदिरों की सूची भी मांगी और सुझाव व कार्यक्रम लिए। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि बैठक में तहसीलदार सुनीता शाहनी, सीएमओ रितु मेहरा भी मौजूद रहीं। नपाध्यक्ष चौरे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के नागरिकों से आव्हान किया है कि वे अपने अपने आसपास के मंदिरों को 22 जनवरी तक एक दम स्वच्छ रखें और यह कार्य हमेशा जारी रहे।



**यह मिले हैं प्रदेश से निर्देश**

- शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।
- स्वच्छता अभियान में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, संगठन व युवाओं की भागीदारी भी कराई जाएगी।
- मंदिरों से निकलने वाले निर्माल्य सामग्री के संग्रहण के लिए विशेष वाहन का निर्धारण होगा।
- निकाय के धार्मिक स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था के साथ ही दीपोत्सव मनाया जाएगा।
- नागरिकों को मंदिरों में सफाई व दीप प्रज्जवलन के लिए प्रेरित किया जाएगा।
- रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन होगा।
- जन संगठनों के सहयोग से आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परिचर्चा, नृत्य नाटिका, भजन संध्या का आयोजन किया जा सकता है।
- निकाय के उच्च शिक्षा के प्रतिष्ठानों में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के प्रसंगों पर परिचर्चा का आयोजन कराया जाएगा।
- श्री द्वारिकाधीश मंदिर, बूढ़ी माता मंदिर मालवीय गंज, दुर्गा चौक चावल लाइन और पुरानी इटारसी में श्री राम मंदिर में 22 जनवरी को सीधा प्रसारण देखने लगेगी एलईडी।

# रामानुज संप्रदाय ने गोदांमरा रंगनाथ का मनाया विवाह उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी रामानुज संप्रदाय से भाजपा जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल पूर्व जिला अध्यक्ष संपत मुंदडा पूर्व मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष अजय हुरकटशयाम सुंदर हुरकट सहित तमाम लोग संप्रदाय के अनुयायियों के द्वारा प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को गोदांबा जी के साथ भगवान विष्णु के रूप में रंगनाथ का विवाह का उत्सव मनाया जाता है। यहां पर राधा कृष्ण मंदिर सहित सभी अनुयायियों के द्वारा शादी के दिन झांकी के रूप में पदयात्रा शोभा यात्रा निकाली जाती है भगवान रंगनाथ पालकी में बैठकर सभी लोग मंदिर जाते हैं बारात पूरे में तक जाती है वैदिक परंपरा के अनुसार गोदांमरा का विवाह भगवान रंगनाथ के साथ देता है भगवान की पूजन में तुलसी का उसे दिन महत्व बताया



जाता है एक कथा के अनुसार कर्नाटक राज्य से जुड़ी यह कथा है यहां पर एक महात्मा विष्णु चित्र स्वामी थे वह भगवान की पूजन के लिए तुलसी का बगीचा लगा रखा था प्रतिदिन तुलसी की माला बनाते थे सुबह भगवान की पूजा के भक्तों में तैनाती थी।

इसी क्रम में जिंदगी से उनके कोई संतान नहीं थी जिसे उन्हें गोदांबा नन्ही मुन्नी बच्ची मिली जैसे उन्होंने पाला और कुछ समय बाद वह बड़ी हो गई वह भी बात बताने लगी उनके पास कोई जरिया नहीं था उसी से भी अपना भरण पोषण करती थी वह माला बनाती थी पूजा स्नान करके भगवान के शरारती थी पहले यह बात किताबके वह करती थी लेकिन एक दिन पिताजी ने देखा तो वह बहुत नाराज हुए और इस समय आकाशवाणी हुई थी पंडित जी आप परेशान ना हो गोदांमवा की माला मुझे पसंद है और वह उसे पहनते हैं मैं उसे धारण करता हूं उसे दिन से भगवान ना से पसंद किया गोदांमवा ने भगवान को पति के रूप में पानेके लिए व्रत करने लगी। 21 दिन में भगवान ने विवाह कर लिया तभी से उसको मनाया जाता है इस दिन सभी रामानुजने संप्रदाय के घरों में भगवान की विशेष आसान झांकी लगाई जाती है और जिन्हें लोग दर्शनों के लिए आते हैं वहां पर तुलसी प्रसाद में दिए जाते हैं। वहीं पर रामानंद पद्धति से रामलाल की पूजा अर्चना मां सीता ने हनुमान महोत्सव जनवरी 14 को ही मनाया जाता है।

# मकर संक्रांति पर्व का सांस्कृतिक महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका क्षेत्र में सीएम राइस स्कूल प्राचार्य संजीव दुबे ने बताया कि मकर संक्रांति का पर्व वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक महत्व है। इसे लेकर स्कूल में निबंध चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें संस्था की शिक्षिका प्रीति शर्मा,सोजान रघुवंशी, नीतेश व्यास, नकुल शर्मा ने छात्रों को मकर संक्रांति पर्व का वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक महत्व बताया। व्याख्यान में बताया कि सूर्य जब मकर संक्रांति में प्रवेश करता है तब मकर संक्रांति मनाया जाता है। निबंध चित्रकला एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथी सतत एवं व्यापक मूल्यांकन के अंतर्गत ज्ञान की डगर नामक शीर्षक प्रस्तुत किया गया।

जिसमें कक्षा 9वी के छात्र-छात्राओं के द्वारा भाग लिया गया जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। मैं स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे। प्राचारयके द्वारा अल्प समय की पदस्थापना को कार्य किया जा रहे हैं मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार छात्रों को बताया गया कि सूर्य उतरन एवं दक्षिण स्थिति को स्मार्ट बोर्ड के द्वारा यूट्यूब के माध्यम से दिखाया गया।

जिसमें छात्र-छात्राओं ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भावना को समझते हुए अवसर पर उत्तरायण यानी सूर्य का उत्तर दिशा और गण इस कारण मकर संक्रांति के पर्व को उत्तरायण पर्व के नाम से जाना जाता है ऐसा शिक्षकों के द्वारा बताया गया। प्राचार्य ने बताया कि उतरन को शास्त्रों में बेहद शुभ माना गया है इस देवता का समय कहा जाता है जिसे उल्लेखित किया गया यह सूर्याधानी से मकर राशि में प्रवेश करता है इसलिए से मकर संक्रांति कहते हैं।

## महिला सशक्तिकरण सप्ताह पर हुए कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

सोमवार को सेक्टर नसीराबाद एवं आरी अंतर्गत ग्राम समोंन एवं आरी में सेक्टर स्तरीय महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम और बालिका जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सोना प्रदीप मालवीय की अध्यक्षता में किया गया कार्यक्रम में पिछले एक वर्ष में जन्मी बालिकाओं के माता-पिता को बुलाकर सम्मानित किया गया, बालिका शिक्षा,लिंग समानता, साइबर क्राइम, वित्तीय साक्षरता की जानकारी पर्यवेक्षक प्रीति वर्मा नीता मेहरा द्वारा दी गई। कार्यक्रम मेंआंगनवाड़ी कार्यकर्ता शांता शर्मा, शिल्पा राजपूत, अनीता यादव रोहनी शुक्ला राधिका उर्मिला बाबरिया भी उपस्थित रही।

# अजमेर शरीफ दरगाह का 3डी मॉडल बनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

अजमेर शरीफ दरगाह को भारत में सबसे पवित्र मुस्लिम तीर्थस्थलों में से एक माना जाता है और यह अजमेर में एक प्रसिद्ध स्थल भी है। फारस के सूफी संत हज़रत ख्वाजा मोइन-उद-दीन चिश्ती यहां विराजमान हैं। उनकी धर्मनिरपेक्ष शिक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, इसके दरवाजे सभी धर्मों और धर्मों के लोगों के लिए खुले हैं।

कुछ लोग कहते हैं कि ख्वाजा मोइन-उद-दीन चिश्ती का मानना था कि वह पैग़म्बर मुहम्मद के प्रत्यक्ष वंशज थे और उन्होंने जनता को अपनी मान्यताओं का प्रचार किया। अपनी विश्व यात्रा के दौरान, पैग़म्बर मुहम्मद ने उन्हें सपने में भारत आने का आग्रह किया। वह लाहौर से होते हुए अजमेर पहुंचे और 1192 से 1236 ई. में अपनी मृत्यु तक इसे अपना घर बनाए रखा। इस संत के सम्मान में इस दरगाह का निर्माण मुगल राजा हुमायूं ने करवाया था। आप बड़े पैमाने पर चांदी के दरवाजों की एक श्रृंखला के माध्यम से दरगाह के अंदर कदम रख सकते हैं जो एक आंगन में ले जाते हैं जहां संत की कब्र केंद्रित है। संगमरमर और सोने की परत से बना, वास्तविक मकबरा एक चांदी की रेलिंग और एक संगमरमर की स्क्रीन द्वारा संरक्षित है। अपने शासनकाल के दौरान, सम्राट अकबर हर साल अजमेर की तीर्थयात्रा करते थे। उन्होंने, साथ ही सम्राट शाहजहाँ ने, दरगाह परिसर के अंदर मस्जिदें बनवाईं। दरगाह में आने वाले पर्यटक फूलों, मिठाइयों और जलती हुई अगरबत्तियों के संयुक्त प्रभाव से निर्मित शांति और शांति के माहौल से आश्चर्यचकित हो जाते हैं।

# जैन मंदिर में वेदी प्रतिष्ठा कार्यक्रम श्रद्धा से पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर कावेरी स्टेट में वेदी प्रतिष्ठा कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। भगवान को नवीन स्वर्ण वेदी पर विराजमान करने एवं शांति धारा करने का सौभाग्य मीना संतोष जैन, सरला सरल पईया, शिरोमणि किशोर जैन एवं सौधर्म इंद्र दिव्या दीपक जैन परिवार को प्राप्त हुआ। भगवान के मस्तक के ऊपर 2 किलो चांदी से बना नवनिर्मित छात्र चढ़ाने का सौभाग्य सपन सचिन जैन को प्राप्त हुआ। अंत में विश्व शांति के लिए हवन हुआ। निर्णय सागर महाराज ने अपने उद्बोधन में बताया की इटारसी शहर में सिद्ध चक्र मंडल विधान के साथ प्रारंभ कार्यक्रम का समापन आज वेदी प्रतिष्ठा के साथ हो रहा है। समाज में धर्म के प्रति लोगों का बहुत समर्पण है, उन्होंने सभी को ढेर सारा आशीर्वाद देते हुए समाज में अपनत्व और एकता बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में हरदा, टिमरनी, सिवनी मालवा, मंडीदीप, अब्दुल्लागंज, बाबई, बुधनी, विदिशा, होशंगाबाद आदि कई शहरों से लोग आए थे। आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष दीपक जैन एडवोकेट ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# अहिरवार समाज संघ ने स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



अहिरवार समाज संघ द्वारा रविवार को अहिरवार समाज संघ का 24वां स्थापना दिवस नर्मदापुरम जिले के नर्मदा तवा संगम तट बांद्राभान पर मनाया गया। स्थापना दिवस के कार्यक्रम में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगदीश सूर्यवंशी, संघ के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व डीएसपी एमएल वर्मा की उपस्थिति में विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सैकड़ो सामाजिक बंधुओ ने भाग लिया व सामाजिक परिचर्चा में अहिरवार समाज संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अजय अहिरवाल द्वारा समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने को लेकर व समाज को शिक्षा व व्यवसाय की ओर अग्रसर करने की बात गयी। स्थापना दिवस के कार्यक्रम में नर्मदापुरम जिले के सामाजिक बंधुओ के साथ-साथ सीहोर रायसेन भोपाल, राजगढ़, नरसिंहपुर, विदिशा व अन्य जिले के सामाजिक बंधु भी बड़ी तादाद में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विशेष रूप से मध्य प्रदेश के प्रभारी हनुमत बौद्ध, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डॉक्टर देवेंद्र सूर्यवंशी, मेजर राजे साहब, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता सूर्यवंशी, प्रदेश सचिव एमएल बघेल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह वर्मा, संतोष अहिरवार कार्यकारी अध्यक्ष नर्मदापुरम कन्हैयालाल बामने, राजू सिकंदर, हरि बरगले, विनोद लोगरे, बबलू अहिरवार, विदिशा जिला अध्यक्ष अंकित गोलिया, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सीहोर, प्रदीप अहिरवार, धर्मेंद्र अहिरवार, पूर्व सरपंच, कृष्ण चौधरी, बंटी बरगले, रवि अहिरवार, दिलीप अहिरवार व सैकड़ों सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# समिति ने किया नगर कीर्तन का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



गुरु श्री गोविंद सिंह जी के जन्म जयंती के अवसर पर गुरु सिंह सभा इटारसी के द्वारा निकाले गए नगर कीर्तन का श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर लकड़गंज समिति के द्वारा पुष्प वर्षा एवं प्रसाद वितरण कर आतिशबाजी से स्वागत किया गया। नांदेड साहब से आये गुरु गोविंद सिंह जी के घोड़े के वंशजों एवं अखाड़े का जोरदार स्वागत किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद पगारे ने पंच प्यारों को पुष्पहार अर्पित किये। एवं श्री गुरु ग्रंथ साहब की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर नगर कीर्तन में चल रहे स्व जसपाल सिंह भाटिया के सुपुत्र सर्वप्रीत चिंपू भाटिया का पुष्प हार पहनाकर विशेष सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर समिति प्रत्येक नगर कीर्तन का ऐतिहासिक स्वागत करती है। मंदिर समिति के सचिव जितेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, महेंद्र पचौरी,उदित दुबे, सुनील दुबे, विजय विश्वकर्मा, मयंक कलोसिया, पं. सत्येंद्र पांडे, पं. पीयूष पांडे ,नैतिक अग्रवाल ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

## रमेश सराठे का निधन



नर्मदापुरम। सोमवार सुबह 11 बजे अचानक हार्ट अटैक आने के कारण रमेश सराठे जो गुराड़िया के रहने वाले थे का निधन हो गया है। उनकी शव यात्रा 16 जनवरी मंगलवार सुबह 11 बजे उनके निज निवास संजय नगर भोपाल तिराहे से निकाली जाएगी। रमेश सराठे उनके पीछे बेटा-बहु एवं तीन बेटियां छोड़ गए हैं। उनके निधन पर राजपूत समाज को भी क्षति हुई है। क्योंकि राजपूत समाज के सभी सुख-दुख के कार्य में एक संदेश वाहक के रूप में योगदान रहता था।

**खोया-पाया**

मैं निखिल कुमार रघुवंशी पिता मनीष कुमार रघुवंशी बैक कॉलोनी पिपरिया में निवास करता हूं । मेरी कक्षा 10वीं की मार्कशीट दिनाँक- 01.01.2024 को कही गुम हो गई है। जिसका अनुक्रमांक- 19136325 है जिस किसी भी व्यक्ति को मिले कृप्या संपर्क करें- 9630191941

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेन्स लिमिटेड आर.के. श्री टावर, गल्ला मण्डी के सामने, इटारसी रोड नर्मदापुरम की ओर से इस जाहिर सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है कि श्री इंदल कुशवाह आ. श्री मानकराम कुशवाह निवासी वार्ड नं. 13, नाहरवाड़ा पोस्ट मोकलवाड़ा, तह. पिपरिया जिला नर्मदापुरम म.प्र. द्वारा उनकी पत्नि श्रीमती रजनी कुशवाह पुत्री श्री ओमकार कुशवाहा पत्नि श्री इंदल कुशवाह के द्वारा श्री पवन मालवीया आ. भैयालाल मालवीया निवासी जयहिन्द स्कूल के पास, व्ही.व्ही. गिरी वार्ड, पिपरिया तह. पिपरिया जिला नर्मदापुरम से क्रय की गई परिवर्तित भूमि रकबा 600 वर्गफुट, खसरा 167/1 जिसकी चतुर्थसीमा पूर्व में- कालोनी का रास्ता, पश्चिम में- रघुवंशी जी का मकान, उत्तर में- राकेश रघुवंशी का भूखण्ड एवं दक्षिण में- राकेश रघुवंशी का भूखण्ड स्थित है जो उनके द्वारा पंजीयत विक्रय पत्र दिनांक 21.9.2023 को क्रय किया है। उक्त संपत्ति की लिंक रजिस्ट्री जो विक्रेता श्री पवन मालवीया आ. भैयालाल मालवीया द्वारा श्री राकेश रघुवंशी आ. श्री अजब सिंह रघुवंशी निवासी सरदार वार्ड पिपरिया से दिनांक 13.8.2018 को क्रय किये जाने की है, मूल रजिस्ट्री कही गुम हो गई है जो समस्त प्रयासों से खोजने के बावजूद भी नहीं मिल सकी है। यदि उक्त संपत्ति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का स्वत्व आधिपत्य हित ऋण बंधक (सम्यक्) भार अथवा किसी भी प्रकार का विवाद हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजो के साथ इस सूचना पत्र के प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि के अन्दर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी तरह का कोई दावा स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार कम्पनी पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरी पक्षकार कम्पनी उपरोक्त संपत्ति पर उपरोक्त प्रस्तावित बंधककर्ता को ऋण प्रदान कर सकेगी।

भवदीय **योगेश कुरापा**, अधिवक्ता
कार्यालयः श्री सांई लॉ चेम्बर, प्रथमतल, सांई सुपर बाजार,मीनाक्षी चौक, होशंगाबाद
मोबाईल नं. 9340692669

### कन्या महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम हुआ

# छात्राओं के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय कन्या महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत छात्राओं हेतु निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हन्नु बंजारा उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि वर्तमान समय में सड़क और परिवहन प्रत्येक मानवीय जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। वर्तमान परिवहन प्रणाली ने दूरियों को कम किया है, परंतु इसने दूसरी और जीवन के जोखिम को भी बढ़ा दिया है अतः सड़क सुरक्षा शिक्षा जीवित रहने के लिए किसी भी अन्य बुनियादी कौशल की तरह ही



आवश्यक है। श्री बंजारा ने कहा कि महाविद्यालय की छात्राएं शिविर में ड्राइविंग लाइसेंस तो जरूर बनवाए, साथ ही सड़क सुरक्षा के नियमों की पूर्ण जानकारी प्राप्त करें व सुरक्षा उपकरणों के साथ ही वाहन चलाएं। डॉ. शिरीष परसाई ने बताया कि शिविर के माध्यम से आयोजित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य वर्तमान एवं भावी सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच सड़क सुरक्षा जानकारी प्रदान करना एवं सुरक्षित सड़क उपयोगकर्ता व्यवहार को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम के संचालक डॉ. संजय आर्य ने कहा कि उचित सड़क सुरक्षा उपायों की अनदेखी के कारण सड़क हादसा वहुत आम होता जा रहा है अतः स्वयं व अन्य की जीवन रक्षा हेतु सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना अति आवश्यक है।

एनसीसी प्रभारी पूनम साहू ने कहा कि मानवीय कारणो से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हमें सड़क सुरक्षा उपायों को जानना व उनका पालन करना जरूरी है। छात्राओं की निशुल्क लर्निंग लाइसेंस बनाने में उड़ान श्री वेलफेयर सोसाइटी के संचालक आशीष भदोरिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में पूनम साहू, डॉ. शिरीष परसाई, डॉ संजय आर्य, डॉ श्रद्धा जैन, डॉ. शिखा गुप्ता, डॉ नेहा सिकरवार, क्षमा वर्मा, प्रिया कलोसिया तथा छात्राएं उपस्थित रही।

# विद्यार्थियों ने मकर संक्रांति पर्व को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदा कॉलेज में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को सूर्य उत्तरायण एवं दक्षिणायन स्थिति को स्मार्ट बोर्ड द्वारा यूट्यूब के माध्यम से दिखाया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में भौगोलिक घटनाओं को जानने के साथ उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करना और विज्ञान व तकनीक से जोड़ना रहा। विद्यार्थियों ने घटनाक्रम को जाना और जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर कार्यक्रम के संरक्षक प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने विद्यार्थियों को बताया कि उत्तरायण यानी सूर्य का उत्तर दिशा की ओर गमन करना। इस कारण मकर संक्रांति के पर्व को उत्तरायण पर्व के नाम से भी जाना जाता है इसका अर्थ है अब ठंड कम और दिन बड़े होने लगते हैं।यह अंतरिक्ष विज्ञान के साथ ज्योतिष विज्ञान के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण और ऋतु चक्र परिवर्तन की बेला मानी जाती है। कु शबनम कुरेशी ने बताया कि छात्रों ने जाना सूर्य आराधना पर्व को विभिन्न प्रदेशों में,मकर संक्रान्ति, पोंगल और लोहड़ी आदि रूपों में मनाया जाता है। तिल गुड़ खाने के भारतीय वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समझा। कार्यक्रम में डॉ एस के दिवाकर ,शबनम कुरैशी, चिराग झामडे, राजीव द्विवेदी, वरुण तिवारी, सुमित, आलोक, सरगम, मनोहर आदि छात्र उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### राजस्व मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में दिए निर्देश

**हरदा।** प्रदेश में राजस्व महाअभियान सोमवार से प्रारम्भ हो चुका है। राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व भू-अभिलेख के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिये कि इस अभियान के दौरान राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए तथा नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज कराएं। हरदा कलेक्ट्रेट के वी.सी. रूम में कलेक्टर ऋषि गर्ग के साथ-साथ अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार तथा अधीक्षक भू-अभिलेख भी मौजूद थे। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने इस दौरान निर्देश दिये कि कलेक्टर अपने अपने जिले के गांवों का दौरा कर राजस्व अभियान की प्रगति की नियमित समीक्षा करें और सुनिश्चित करें कि इस महा अभियान में के दौरान गांव में राजस्व रिकॉर्ड का बी-1 का वाचन पटवारी कर रहे हैं की नहीं।

### 77 छात्रों के लर्निंग लायसेंस बनाए




**हरदा।** राष्ट्रीय युवा दिवस व मकर संक्रांति के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरदा में सोमवार को एक दिवसीय लर्निंग लायसेंस शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य शासकीय आईटीआई हरदा शरद कुमार मालवीय ने बताया कि शिविर में कुल 77 छात्र प्रशिक्षणार्थियों के लर्निंग लायसेंस बनाए गए। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी राकेश कुमार अहाके व प्राचार्य शासकीय आईटीआई हरदा उपस्थित थे।

### उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर ग्रामीण कर रहे सवाल खड़े

# कसरावद-पिपलगोन सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार नहीं कर रहा मापदंडों का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के कसरावद नगर से पीपलगोन तक सड़क निर्माण का काम बड़वानी जिले के जुलवानिया की पिसी यादव कंपनी द्वारा कसरावद तहसील के विभिन्न गांवों को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए 44 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 23 किलोमीटर से अधिक लंबाई की सड़क का कार्य किया जा रहा है।

नगर के साथ तहसील के गांव दोगावा, मोगावा, बाड़ी, खमलाय, पिपलगोन सहित सीधे बड़वाह तहसील के अन्य गांवों को जोड़ने वाली डामर और कांक्रीटयुक्त सड़क बनाई जा रही है। साथ ही सड़क के बीच में पड़ने वाले नदी और नालों पर पुल और पुलियाओं का निर्माण किया जा रहा है। यहां पर ठेकेदार द्वारा किए गए निर्माण की गुणवत्ता पर ग्रामीणों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं और जांच की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कार्य घटिया तरीके से कराया जा रहा है, जो समय से पहले खराब हो जाएगा। ठेकेदार अपनी मनमर्जी से काम



तो कर ही रहा है, साथ ही निर्माणधीन सड़क से गुजरने वाले राहगीरों के लिए सुरक्षा मानकों को भी अनदेखी कर निर्माण होने वाली कुछ जगहों पर संकेतक लगा दिया गया और अन्य जगह किसी तरह के संकेतक न होने से लोग दुर्घटना का शिकार होते हैं। रविवार को भी यहीं हुआ सड़क पर लोंदी निवासी लोगों की कार निर्माणाधीन पुलिया से टकराने से एक व्यक्ति की मौका स्थल पर ही मौत हो गई वहीं तीन अन्य घायलों का इंदौर में इलाज चल रहा है। जिसमें एक गंभीर रूप से घायल है। उधर लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार एसडीओ का कहना है कि ठेकेदार द्वारा किसी तरह की मनमानी नहीं कर नियमानुसार काम हो रहा है।

#### अधिकारी निरीक्षण में बरत रहे औपचारिकता

क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार उपयंत्री और जिले के अधिकारी स्थल निरीक्षण के नाम पर औपचारिकता करते हैं। गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य होने से निर्माण एजेंसी व अफसरों की साठगांठ उजागर हो रही है। निर्माण एजेंसी की मनमानी पर अंकुश लगाने व तय मापदंड के अनुसार निर्माण कार्य कराया जाना चाहिए।

#### नहीं लगाया बोर्ड

बताया जा रहा है कि निर्माण स्थल पर निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य की जानकारी देने वाला बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। जबकि नियमानुसार निर्माण स्थल पर निर्माण कार्य की जानकारी दर्शाने वाला बोर्ड होना आवश्यक है, लेकिन निर्माण एजेंसी के द्वारा इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है।

#### लोग निकाल कर फेंक देते हैं

ठेकेदार द्वारा शासन से निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए ही सड़क का काम किया जा रहा है, निर्माणाधीन जगहों पर संकेतक बोर्ड लगाए हैं। लोग निकालकर फेंक देते हैं।

**बीडी महाजन,**
एसडीओ लोक निर्माण विभाग मंडलेश्वर।

### लावारिस मिली थी नवजात

# 24 घंटे वेंटिलेटर पर, सांस लेने में तकलीफ, प्री मेच्योर बेबी इंदौर रेफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

रविवार को सुबह चित्तौड़गढ़ भुसावल स्टेट हाईवे से लगे गांव पीपलखेड़ में एक पुलिया के नीचे लावारिश प्री मेच्योर नवजात मिली थी। उसे लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया था। यहां 24 घंटे उसका आईसीयू में इलाज चला। 24 घंटे वेंटिलेटर पर रखने के बाद भी उसकी हालत में सुधार नहीं आया। सोमवार दोपहर 1:30 बजे प्री मेच्योर बेबी को इंदौर रेफर कर दिया।

खरगोन जिला अस्पताल के सीएनसीयू वार्ड में इलाज कर रहे डॉक्टर पवन पाटीदार ने बताया नवजात पारी में कर थी उसे और सही सांस लेने में तकलीफ हो रही थी उसे 1:30 बजे इंदौर रेफर कर दिया गया है।

#### इमरजेंसी हेल्थ सपोर्ट एम्बुलेंस भेजी गई

सिविल सर्जन डॉ अमर सिंह चौहान ने बताया रात से प्रीमेच्योर बेबी की हालत स्थिर बनी हुई थी। उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। सुबह उसकी हालत थोड़ी ज्यादा नाजुक हो गई थी। उसे इंदौर रेफर करने का निर्णय लिया गया। नवजात के लिए इमरजेंसी हेल्थ सपोर्ट एम्बुलेंस भेजी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम भी है।

### बैठक आज होगी

**हरदा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम पर मनाया जाएगा। मतदाता दिवस की तैयारियों के लिए कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष 16 जनवरी मंगलवार को शाम 4 बजे से बैठक आयोजित की गई है। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

# धुलकोट पंचायत में लाखों रुपए का घोटाला

### शिकायत करने कलेक्टर ऑफिस पहुंचे पंचायत के पंच व ग्रामीण

**खरगोन।** जिले की भगवानपुरा जनपद की ग्राम पंचायत धुलकोट में लाखों रुपए का घोटाला और आर्थिक अनियमितता का मामला लेकर ग्रामीण शिकायत करने कलेक्टर ऑफिस पहुंचे। गांव में सड़क निर्माण सहित कई अधूरे मामलों में कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर कर जांच की मांग की गई। ग्रामीण दयाराम, लालूराम, कमिश, सुभाष, कुटवाल जाधव, लोकेश रावत, ढेमा सोलंकी, कमलेश जाधव,पंच निमला, ढेमा , मोजीलाल कनासे,श्यामू केदार डुडवे व अन्य ने कहा कि हमारी ग्राम पंचायत धुलकोट में सरपंच सालकराम किराड़े व सचिव ने पंचायत में हर मोहल्ले में चबूतरा बनना था।



वहीं आड़फाटा, चोखण्ड, जुना बिलवा में चबूतरे के नाम से बगर मूल्यांकन के पैसे निकाले गए और चबूतरा निर्माण अभी तक नहीं किया है, ग्राम चोखंड, आड़फाटा, नया बिलवा में सीसी रोड़ निर्माण के नाम पर लाखों रुपए की राशि तो निकल गई परंतु धरातल पर काम नहीं हुआ है। पंचायत के नाम से आया टैक्टर भी सरपंच के खेत में चल रहा है। मनरेगा योजना में वर्ष 2023 में 14-14 लाख रुपए की लागत से चार तलाई निर्माण की गई जिसमें मजदूरों से कार्य न कराते हुए जेसीबी मशीन से निर्माण कर फर्जी तरीके से मस्टर भरकर फॉर्मेलिटी के लिए सरपंच सचिव के खास परिवार से जॉबकार्ड चलाये गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया और बताया कि पीएम आवास में भी बहुत बड़ा घोटाला किया है किसी दूसरे के मकान पर हितग्राही को खड़ा कर फोटो निकाल लेते हैं। मकान की नींव भी नहीं डालते और पूरे पैसे निकाल लिए जाते हैं।

#### आरोप निराधार हैं

हमारे द्वारा शासन की किसी भी राशि में न तो घोटाला किया है और न ही गलत तरीके से राशि निकाली गई। ग्रामीणों ने जो आरोप लगाया है निराधार है।

**तुकाराम यादव,** सचिव ग्राम पंचायत धुलकोट

### जिले में जगह-जगह रोजाना होती है वाहनों की चैकिंग

# वाहनों की चैकिंग रोकने के लिए कांग्रेस विधायक ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में रोजाना वाहनों की चैकिंग से नाराज कांग्रेस ने शहर के घंटाघर चौक पर सोमवार को प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष ओम पटेल और कांग्रेस विधायक डॉ. आरके दोगने ने समर्थकों के साथ धरना देकर प्रदर्शन किया।

जिले की यातायात पुलिस रोजाना मिल रहे लक्ष्य को पूरा करने के लिए वाहनों की जांच करते हैं। ऐसे में बचने के लिए लोग कई तरह के प्रयास करते हैं। कोई तेज वाहन चलाकर निकलता है तो कोई अन्यत्र रास्ते का सहारा लेते हैं। ऐसे में हादसों का अंदेशा भी बना रहता है। वाहनों के साथ दस्तावेजों की जांच और हेलमेट के नाम पर वाहन चालकों से रोजाना हजारों रूपये की राशि जुर्माने के रूप में वसूली भी की जाती है। साथ ही यातायात के नियमों का पालन करने और हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की समझाइश दी जाती है।



विधायक डॉक्टर आरके दोगने ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरने पर बैठकर पुलिस की सद्बुद्धि की कामना की। उनका कहना है कि बीते छह महीने से लगातार अलग-अलग स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की ओर से चेकिंग की जा रही है। उन्होंने पुलिस पर चैकिंग के नाम पर अवैध वसूली करने का भी आरोप लगाया है। चैकिंग के दौरान बड़े और रसूखदार लोग तो बिना चालान के निकल जाते हैं। जबकि जो लोग प्रतिदिन मेहनत मजदूरी करके अपने गांव लौटते हैं। उन लोगों पर पुलिस द्वारा चैकिंग के नाम पर चालान बनाकर उनके साथ अवैध रूप से वसूली की जाती है। उन्होंने धरने के जरिए से एसपी से जिले में चल रही चैकिंग को बंद करने की मांग की है।

इस दौरान मोहन सांई, गगन अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी, अजय राजपूत, योगेश चौहान, संजय जैन, सुरेंद्र सराफ सहित अन्य कांग्रेस शामिल थे। जिलाअध्यक्ष ओम पटेल का कहना है कि मध्य प्रदेश में इतनी चेकिंग कहीं नहीं चल रही जितनी हरदा में चल रही है। आम जनता से अवैध वसूली बंद की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि आगे बंद नहीं करते हैं तो जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में धरना प्रदर्शन चक्का जाम जैसी आन्दोलन किया जाएगा।

# ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को जिले के ग्राम झाड़बीड़ा, गाड़ामोड़खुर्द, नगावामाल, पाहनपाट व चौकड़ी पहुंची। उल्लेखनीय है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से यह यात्रा आयोजित की जा रही है। संकल्प यात्रा के साथ चल रहे प्रचार वाहन के ग्रामों में पहुंचने पर स्कूली छात्राओं व महिलाएं सिर पर कलश रखकर यात्रा का स्वागत करते हैं। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वस्थ बालक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

यात्रा के दौरान किसानों के समक्ष खेतों में ड्रोन के माध्यम से नेनो यूरिया छिड़काव के संबंध में प्रदर्शन कर बताया जा रहा है और किसानों को मिट्टी परीक्षण से संबंधी सोइल हेल्थ कार्ड प्रदान किए जा रहे हैं। यात्रा के दौरान कार्यक्रम में ग्रामीणों को भारत सरकार की ओर से प्राप्त केलेण्डर वितरित किए जा रहे हैं। यात्रा के साथ चल रहे प्रचार वाहन का स्थानीय ग्रामीणों ने स्वागत कर रहे हैं तथा वाहन में लगे एलईडी टीवी पर विकास कार्यों पर केन्द्रित फिल्म का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। इस दौरान आयोजित शिविरों में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत चयनित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये तथा योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक ग्रामीणों से योजनाओं के आवेदन भी भरवाये जा रहे हैं। यात्रा के दौरान ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया जा रहा है। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर गांव के मरीजों को दवाईयां दी जा रही हैं।

# लायंस क्लब के माध्यम से मरीजों के परिजनों को कराया भोजन



**खंडवा।** मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव का जन्मदिन 15 जनवरी को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सादगी पूर्वक मनाया गया। यादव अपने पूर्व कार्यक्रमानुसार तिरुपति बालाजी दर्शन के लिए पहुंचे थे। खंडवा के उनके समर्थक कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन मनाया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा 10 बजे दादाजी मंदिर में हवन, पूजा अर्चना कर उनकी लंबी आयु के लिए प्रार्थना की गई। प्रातः 10:30 बजे मां तुलजा भवानी माता मंदिर में दर्शन पश्चात जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किये गए। प्रातः 11 बजे जिला अस्पताल में मरीजो को फल वितरण किए गए। प्रातः 11:30 बजे श्री दादाजी वृद्धाश्रम रामनगर खण्डवा में भोजन कराया गया। वहीं 12 बजे जिला अस्पताल में मरीजों के परिजनों को लायंस क्लब के माध्यम से भोजन कराया गया। भोजन पाकर सभी परिजनों ने कहा कि लायंस क्लब के माध्यम से अरुण यादव मित्रमंडल द्वारा कराया गया भोजन बहुत ही सात्विक है हम सभी श्री यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है एवं लायंस क्लब का भी आभार मानते है इसके पश्चात सभी कार्यकर्ता 1 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पहुंचे वहा केक काटा गया एवं उपस्थितजनों को स्वल्पाहार कराया गया।

# जगद्गुरु माउली सरकार को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद भक्तों में आक्रोश

### भाजपा पदाधिकारियों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**खरगोन।** बड़वाह के नर्मदा उत्तर तट के प्रमुख संतों में से एक जगद्गुरु रामानंदाचार्य राम राजेश्वराचार्य महाराज (माउली सरकार) को एक गुमनाम खत द्वारा जान से मारने की धमकी के बाद स्थानीय भक्तों में आक्रोश है। सोमवार दोपहर करीब एक बजे जेएमपी (जगद्गुरु राजेश्वर माउली सरकार पब्लिक) फाउंडेशन के सदस्यों, जगद्गुरु भक्त मंडल निमाड़ मठ एवं भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारियों ने जगद्गुरु की सुरक्षा से चिंतित होकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा है।

इस ज्ञापन के माध्यम से संस्था अध्यक्ष दीपमाला शर्मा ने बताया की पिछले दिनों महाराष्ट्र के अमरावती जिले के रुकमणि विदर्भ पीठ कोंडन्यपूर स्थित आश्रम में धमकी भरा गुमनाम खत मिला था। जिसकी शिकायत स्थानीय थाने में की गई है। ये सर्व'विदित है की जगद्गुरु पिछले कई सालों से महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश के आदिवासी एवं ग्रामीण अंचलो में जनजागरण, शिक्षा, संस्कृति, समाजसेवा एवं देश सेवा आदि कार्यों को



निस्वार्थ भाव से करते आ रहे हैं। बड़वाह के ग्रामीण क्षेत्रो में समाजसेवा का कार्य कर रही जेएमपी फाउंडेशन इसका जीवंत उदाहरण है। इसके साथ ही धन आदि प्रलोभन देकर धर्मांतरण का शिकार हो रहे आदिवासी जनजाति समुदाय के लोगो को सनातन हिन्दू संस्कृति की तरफ जनजागृत करने का कार्य भी स्वामी द्वारा लगातार भी किया जा रहा है। यही बात कुछ असामाजिक तत्वों को रास नहीं आ रही है। जिसे लेकर उन्होंने जगद्गुरु को जान से मारने की धमकी देने की कायराना हरकत की है।

# श्री गणेश गौशाला में मनाया मकर संक्रांति का पर्व, सात धान्य की खिचड़ी प्रसादी बांटी

**खंडवा।** सोमवार को श्री गणेश गौशाला में मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह से ही गौभक्त बड़ी संख्या में गौशाला आकर गायों को हरा चारा, गुड़ एवं हर होला से गोग्रास करवाते रहे।



सुबह 10 बजे पंडित चंद्रशेखर शर्मा एवं प्रबल दीक्षित ने मंत्रोच्चार के साथ गौपूजन संपन्न करवाया उसके बाद गौ माता की आरती की गई तथा गौग्रास कराया। इस अवसर पर उपस्थित गौसेवक वरिष्ठ व्यवसायी लखनलाल नागौरी ने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। महापौर अमृता यादव ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे शहर में गणेश गौशाला ऐसी जगह है जहां आकर मन को बहुत सुकून मिलता है और यहां मनाया जाने वाले पर्वों पर सबको एकत्रित होने का अवसर मिलता है। मकर संक्रांति पर्व पर बधाई देते हुए सभी को गौ सेवा हेतु संकल्पित होने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त महिलाओं को गौशाला समिति की ओर से मेहंदी एवं बिंदी की सुहाग सामग्री भेंट की गई एवं महिलाओं ने हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम भी मनाया। सात प्रकार के अन्न से बनी हुई खिचड़ी की प्रसादी एवं तिल-गुड़ से बने हुए लड्डू की प्रसादी दी गई।

कार्यक्रम में पँडित उमेश डोरवाल, अध्यक्ष राकेश बंसल, सचिव रामचंद्र मौर्य, भूपेंद्र सिंह चौहान, आशीष चटकेले, प्रेम मित्तल, अनिल मित्तल, महेंद्र शर्मा, अखिलेश गुप्ता, ओमप्रकाश दशोरे, मनीषा पाटिल, चेतना शर्मा, निहारिका बंसल, मोनिका शर्मा, ममता बोरसे, अंजली कानूनगो, रचना तिवारी, मंजू यादव, शारदा तांदले, पंकज अग्रवाल सहित मणिपुर से आई छात्राऐं एवं बड़ी संख्या में गौ भक्त नगरजन एवं मातृशक्ति सपरिवार सम्मिलित हुए।

### माताजी के मंदिर में महापौर ने सफाई कर पोछा लगाया

# श्रमदान स्वच्छता अभियान अंतर्गत निगम प्रशासन ने भवानी माता मंदिर क्षेत्र में किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में संघर्ष और तपस्या के बाद 500 वर्ष पश्चात भगवान राम लला अपने मुख्य स्थान पर 22 जनवरी को भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। पूरे देश में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर काफी उत्साह है, और पूरे देश में लगातार कार्यक्रम चल रहे हैं।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 14 जनवरी से 22 जनवरी तक देश के सभी मंदिरों, ऐतिहासिक धरोहरों, तीर्थ स्थलों पर विशेष सफाई अभियान के साथ विशेष सज्जा करने का अनुरोध किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के अनुरोध पर जिला मुख्यालय खंडवा में महापौर अमृता अमर यादव निगम आयुक्त नीलेश दुबे के मार्गदर्शन में नगर निगम प्रशासन द्वारा 14 जनवरी से 22 जनवरी तक खंडवा के मंदिरों, कुंडो एवं ऐतिहासिक धरोहरों पर विशेष स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया जा रहा है। मकर संक्रांति पर नगर निगम प्रशासन द्वारा भवानी मंदिर एवं आसपास के क्षेत्र की विशेष सफाई की गई।



महापौर अमृता अमर यादव ने मंदिर प्रांगण में जहां झाड़ू लगाकर सफाई की। वहीं मंदिर परिसर में पोंछा भी लगाया। श्रीराम मंदिर में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर नगरीय क्षेत्रों में 14 से 22 जनवरी प्रतिदिन की जाने वाली गतिविधियों मे भवानी माता मंदिर मे विशेष सफाई अभियान कर श्रमदान किया गया। महापौर श्रीमती यादव द्वारा उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, भवानी माता से गौशाला चौराहा दादाजी बायपास पर विशेष अभियान के तहत सफाई कार्य कर दो ट्रॉली कचरा एकत्र किया गया, एवं सफाई उपरांत मंदिर प्रांगण में रंगोली बनाई गई साथ ही रैली निकालकर स्वच्छता संदेश दिया गया। मंगलवार को गौतम नगर स्थित सूरज कुंड मंदिर परिक्षेत्र में स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया जाएगा, सोमवार श्रमदान के इस कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव आयुक्त नगर पालिका निगम नीलेश दुबे, उपायुक्त प्रदीप जैन, क्षेत्रीय पार्षद राम गोपाल शर्मा, आशीष चटकेले, समाजसेवी सुनील जैन, झोन प्रभारी भुवन श्रीमाली, जोन प्रभारी मनीष पंजाबी, झोन प्रभारी सखाराम भट्ट, क्षेत्रीय वार्ड प्रभारी एवं आईईसी टीम के सदस्य एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।